प्रथम सत्र, 2019 का
प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
## की कार्यसूची
सोमवार,
माघ 29, शक संवत्, 1940
( दिनांक : 18 फरवरी 2019 )
नत्थी 'क'

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2019 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.02.2018 | '01. क्या औद्योगिक विकास एवं सूक्ष्म लघु मध्यम उद्योग मंत्री अवगत है कि भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज की कोई व्यवस्था न होने के कारण सिडकुल का दूषित पानी व अवशिष्ट आस–पास की बस्तियों एवं आने–जाने वाले मार्ग पर एकत्रित हो जाता है जिससे आवागमन में अत्यधिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार जन समस्या को दृष्टिगत रखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था को ठीक करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | औद्योगिक विकास |
| श्री राजकुमार<br>02.11.2018 | विस्तीर्णता एवं नियम 30(3) के अन्तर्गत निरस्त।<br>'2 क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के विभिन्न संवर्गों में कर्मचारियों के बैकलॉग का आकड़ा एकत्रित करना और इसे अद्यतन करना किस विभाग का काम है? क्या उत्तराखण्ड राज्य में बैकलॉग का आकड़ा एकत्र व अद्यतन किया जा रहा है तो राज्य में अनुसूचित जाति का संवर्गवार/श्रेणीवार बैकलॉग कितना है? यदि बैकलॉग का आकड़ा एकत्रित व अद्यतन नहीं हो रहा है तो उसके क्या कारण है? क्या सरकार द्वारा उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>03.12.2018 | आगामी सत्र हेतु स्थगित।<br>'3. क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में जनता द्वारा गायों और गौवंश में आने वाले पशुओं को पालना छोड़ दिया गया है? जिससे वह खुले में भूखे प्यासे रहने पर विवश हो रही है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि आवारा रहने की स्थिति में वह खेतों में खड़ी फसलों को चरने का कार्य करती है जिस कारण ग्रामवासियों द्वारा अपनी मेहनत को बर्बाद होते देख कर उन्हें मारपीट कर खदेड़ने का कार्य किया जाता है, खुले में रहने पर जंगली जानवरों द्वारा लगातार इनका शिकार भी किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार गोवंश को संरक्षण देने हेतु सामुदायिक गोशाला खोलने, जनता द्वारा खोली गई ऐसी गौशालाओं को अनुदान देने या फिर अन्य कोई उचित नीति इस संदर्भ में बनायेगी ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पशुपालन |

# नत्थी 'ख'
## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैडा<br>27.12.2018 | '1 क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि भीमताल विधान सभा के ओखलकाण्डा ब्लाक के सैकड़ों गांवों में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है एवं ऐलोपैथिक अस्पताल के लिये ग्रामीणों की बार–बार मांग के बाद भीड़ापानी, पतलोट, लुगड़ पुलटगांव, धैना हेतु एक प्रस्ताव डी0जी0 हैल्थ को भेजा गया? क्या यह सत्य है कि 20 हजार से कम जनसंख्या में कोई अस्पताल नहीं खुल सकता है? यदि हां, तो क्या सरकार इन नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए अस्पताल खोलेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>27.12.2018 | '2 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में तेजी से हो रहे पलायन को रोकने हेतु सरकार द्वारा कोई योजनायें बनायी गयी है? यदि हॉ, तो तद्सम्बन्धी विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>27.12.2018 | '3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अन्तर्गत प्रदेश में विभिन्न संवर्गों के कुल कितने कर्मचारी/डॉक्टर कार्यरत है? तद्संबंधी जनपदवार विवरण क्या है? क्या सरकार वर्षो से कार्यरत इन कर्मचारियों को नियमित करने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>27.12.2018 | विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>'4 क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में कुल कितने संविदा कर्मचारी कार्यरत है? क्या सरकार वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे इन सविदा कर्मियों को नियुक्ति प्रदान करने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.12.2018 | '5 क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्ष 2017 के आरम्भ से अब तक की अवधि में औद्योगिक निवेश में भारी कमी आयी है? यदि हां, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार ने औद्योगिक निवेश की वर्तमान दशा को सुधारने के लिए ठोस प्रयास किये है? यदि हां, तो इसके उपरान्त कितने उद्योग स्थापित हुए है? क्या सरकार तत्संबंधी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | उद्योग |
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.12.2018 | '6 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना'' के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में उत्तराखण्ड राज्य को जनपदवार कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? क्या हरिद्वार जनपद में प्राप्त धनराशि का उपयोग कर दिया गया है? यदि नहीं, तो धनराशि का उपयोग न करने के क्या कारण है? क्या सरकार इन कारणों को दूर करेगी? यदि हां, तो कब तक? | ग्राम्य विकास |

यदि नहीं, तो क्यों?

श्रीमती ममता राकेश
28.12.2018

विस्तीर्णता एवं नियम 30(3) के आधार पर निरस्त।

'7 क्या कार्मिक मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में संविदा के अन्तर्गत होने वाली भर्ती में आरक्षण का पालन नहीं किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार आरक्षण का पालन करवाना सुनिश्चित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — कार्मिक

श्री मनोज रावत
28.12.2018

'8 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, राज्य में निर्माणाधीन पी0एम0जी0एस0वाई0 की सड़कों का मुआवजा दिया जाता है? यदि हॉ, तो क्या प्रक्रिया अपनायी जाती है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग की केदारनाथ विधानसभा की कितनी निर्माणाधीन सड़कों का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है? अभी तक मुआवजा न दिये जाने के क्या कारण है? — ग्राम्य विकास

श्री देशराज कर्णवाल
28.12.2018

आगामी सत्र हेतु स्थगित।

'9 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि सरकार द्वारा विभागों के 5 करोड़ रूपये तक के ठेके स्थानीय ठेकेदारों को देने का निर्णय किया गया है? यदि हां, तो वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक कितने स्थानीय ठेकेदारों को 5 करोड़ रूपये तक के ठेके दिये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? — लोक निर्माण

श्री देशराज कर्णवाल
28.12.2018

'10 क्या ऊर्जा मंत्री अवगत है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बिल के लिए रीडिंग एवं बिल भेजने का काम कर्मचारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को कई–कई सालों बाद बिल मिलता है? जिस कारण उपभोक्ताओं पर बिल का आर्थिक बोझ पड़ जाता है? क्या सरकार उक्त परेशानियों को दूर करने के लिए कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्यों? यदि नहीं, तो क्यों? — उर्जा

श्री पूरन सिंह फर्त्याल
28.12.2018

मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।

'11 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि टनकपुर–जौलजीबी मोटर मार्ग के किमी0 30.06–55 तक के टैण्डर में भागीदार फर्म जिसको टैण्डर आवंटित किया गया था, ठेकेदार द्वारा सम्बन्धित सडक का ठेका फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर लिया गया था जिसकी पुष्टि के बाद सम्बन्धित विभाग द्वारा ठेकेदार का फर्जीवाडे मे केवल रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया जबकि फर्जीवाड़े कर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर ठेका लेने वाले ठेकेदार को काली सूची में नहीं रखा गया है? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि ठेकेदार को काली सूची में नहीं रखने के कारण ठेकेदार लगातार टैण्डर में भागीदारी कर रहा है, जिससे फर्जीवाड़े करने वाले ठेकेदार पर रोक नहीं लग रही है? क्या मंत्री जी अवगत करायंगे कि काली सूची में रखने के लिए विभाग के क्या मानक है? क्या सरकार ठेकेदार को — लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| | तत्काल काली सूची में रखकर शीघ्र कानूनी कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यो? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>31.12.2018 | ’12. क्या महिला सशक्तिकरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं के उत्थान हेतु कोई ठोस नीति निर्धारित कर रही है? जिससे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर उनको पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराया जा सके? क्या प्रदेश सरकार महिलाओं की आजीविका में गुणात्मक सुधार लाने तथा पलायन रोके जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री चन्दन राम दास<br>02.1.2019 | ’13 .क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि कलक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मी वर्ष 2005 से कलक्ट्रेट के ढॉचे का पुनर्गठन कराने हेतु कई बार ज्ञापन प्रेषित कर चुके है, वर्ष 2008 में आयुक्त कुमॉऊ मण्डल की अध्यक्षता में गठित समिति की रिर्पोट आने के बावजूद भी आतिथि तक कलक्ट्रेट ढॉचे का पुनर्गठन नहीं हो पाया है? क्या सरकार कलक्ट्रेट ढॉचे का पुनर्गठन शीघ्र करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? . | राजस्व |
| श्री चन्दन राम दास<br>02.01.2019 | ’14 क्या राजस्व मंत्री को यह जानकारी है कि दिनांक 14–12–2013 को तत्कालीन सरकार द्वारा नायब तहसीलदार की सीधी भर्ती के 50 प्रतिशत पदों में से 10 प्रतिशत पदों पर कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रीरियल कर्मचारियों को पदोन्नति देने संबंधी निर्णय लिया था, जिस पर आतिथि तक शासनादेश जारी नहीं किया गया है? क्या सरकार इस पर शीध्र निर्णय लेकर शासनादेश जारी करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | राजस्व |
| श्री सुरेश राठौर<br>03.01.2019 | ’15. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में जनपदवार विषम भौगोलिक एवं आपदा की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए गम्भीर रोगियों/दुर्घटनाग्रस्त लोगों के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था बनायी गयी है? यदि हॉ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेश राठौर<br>03.01.2019 | ’16. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 में लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग)के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि के तहत जनहित में कितने कार्य स्वीकृत हो गए है?यदि हॉ तो उसका विवरण सदन में प्रस्तुत करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री करन माहरा<br>07.01.2019<br>श्री देशराज कर्णवाल<br>07.01.2019 | ’17. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार राज्य में नये जिलों का गठन करने जा रही है? यदि हॉ, तो क्या सरकार रूड़की को भी जिला बनाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>08.01.2019 | '18. क्या उर्जा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में हाइड्रो प्रोजेक्टस लंबित है? यदि हां तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि लखवाड़ व्यासी एवं किसाऊ बांध परियोजनाओं के बारे में अभी तक क्या कार्यवाही हुई है? यदि नहीं, तो क्या? | ऊर्जा |
| श्री करन माहरा<br>08.01.2019 | '19. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार गैरसैण को स्थायी राजधानी बनाने जा रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समान्य प्रशासन |
| श्री करन माहरा<br>08.01.2019 | '20. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत आयुष चिकित्सकों की संख्या कितनी है? क्या सरकार उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत आयुष चिकित्सकों का वेतनमान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मे कार्यरत एम0बी0बी0एस0 (ऐलोपैथिक) चिकित्सकों के वेतनमान के समान करने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>05.06.2018 | 1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में पहेनिया से कुटरी तक बनाई जा रही बाईपास रोड़ के पूर्ण किये जाने से पूर्व उत्पन्न हो रही जमीन संबंधी विवाद एवं उसके मालिकाना हक तथा मुआवजे संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार स्तर से कोई कार्यवाही गतिमान है? यदि हां, तो समस्या का समाधान कब तक कर दिया जायेगा तथा बाईपास रोड़ कब तक पूर्ण हो जायेगी? यदि नहीं, तो आधी–अधूरी तैयार हो चुकी बाईपास रोड़ को किस प्रकार एवं किस माध्यम से पूर्ण किया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.08.2018 | 02. क्या गृह मंत्री इस बात से अवगत है कि रूड़की, हरिद्वार शहरों में सरकारी एवं निजी ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है? इस समस्या के निदान हेतु सरकार क्या योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.12.2018 | 1. क्या सूचना एंव प्रसारण मत्री अवगत है कि सूचना निर्देशिनी 2017 जो उपलब्ध हुई थी उसमे मे कुछ विभागो के अधिकारियो के नम्बर जो दिये गये है, उनमे अधिकांश नम्बर किसी अन्य व्यक्ति के पास मिलते है? क्या सरकार द्वारा अधिकारियो के नाम पद नाम , विभाग व मोबाइल नम्बर भी आवंटित किये जाने कि कोई योजना है? यदि हां तो क्या अगली सूचना निर्देशिनी छपने तक सभी अधिकारियो के मोबाइल व लैडलाईन नम्बर स्थाई रूप से उपलब्ध हो पायेगे अथवा नही? | सूचना एवं प्रसारण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैडा<br>27.12.2018 | 2. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि भीमताल विधान सभा के अन्तर्गत रामगढ़ ब्लाक के ग्राम सभा गल्ला में लगे लकडी के पोल कब तक बदले जायेंगें? साथ ही भीमताल विधान सभा के अन्तर्गत कई ग्रामसभाओं में लकड़ी के पोल लगे है, सरकार इनको कब तक हटायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री राम सिंह कैडा<br>27.12.2018 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र में धारी ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम सभा देवनगर, पलडा मोटर मार्ग 2004 में 6 कि0मी0 स्वीकृत हुआ था? जिसमें वर्ष 2004 में स्वीकृत बजट से 3.50 कि0मी0 सड़क कर्नखा तक ही बन पाई है? क्या यह सत्य है कि कि 2.50 कि0मी0 सड़क धन अभाव के कारण रूकी हुई है एवं संबंधित विभाग द्वारा बजट स्वीकृत के लिए शासन को पत्र दिया गया है? यदि हां, तो उक्त सड़क का बजट कब तक स्वीकृत होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैडा<br>27.12.2018 | 4. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा के ओखलकाण्डा ब्लाक का खनस्यू–टाडां–रीखाकोट मोटर मार्ग कब तक बनेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री मनोज रावत<br>28.12.2018 | 5. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, राज्य में विभिन्न निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में वर्षो से अतिक्रमणकारियों के निजी और व्यवसायिक भवनों को मुआवजा देने का प्राविधान है? यदि नहीं, तो क्या रूद्रप्रयाग जिले में बन रही चार धाम परियोजना से रोजगार विहीन हो रहे अतिक्रमणकारियों को मुआवजा देने या रोजगार प्रदान करने हेतु सरकार की क्या नीति या नियमों में परिवतन करने या विशेष अध्यादेश लाने की कोई योजना है। यदि नहीं, तो सरकार इस दिशा में प्रयास क्यों नही कर पा रही है? यदि हॉ, तो योजना का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास न किये जाने के क्या कारण है? | राजस्व |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>28.12.2018 | 6. क्या लोक निर्माण मत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोडा जिले की सल्ट विधान सभा मे 05 सितम्बर 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर सल्ट विधान सभा की वर्षो से लम्बित पडी मोटर मार्ग पीपना–रणकुना के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? क्या मत्री जी इस बात से भी अवगत है कि पीपना–रणकुना मोटर मार्ग की वन भूमि की सैद्धांन्तिक स्वीकृति भी भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इसके निर्माण हेतु आज समय तक क्या प्रगति हुई है और क्या सरकार जनहित में इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैडा<br>28.12.2018 | 7. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र ओखलकाण्डा ब्लाक के भीड़ापानी से खुजेठी–पतलिया मोटर मार्ग जीर्ण–शीर्ण होने से ग्रामीणों को पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग को डामरीकरण करवाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री राम सिंह कैडा<br>28.12.2018 | 8. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि भीमताल विधान सभा के भीमताल ब्लाक के ग्राम सभा अलचौना के तोक कोल में लोक निर्माण विभाग की रोड़ कटिगं की वजह से ग्रामीणों का रोड़ के ऊपर का रास्ता धस चुका है? क्या विभाग उस रास्ते का और क्षतिग्रस्त दीवार को बनायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | लोक निर्माण |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>28.12.2018 | **प्रथम शुक्रवार के अतारांकित–41 में स्थानान्तरित।**<br>9. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि विधानसभा लोहाघाट के अन्तर्गत तीन विकासखण्ड (लोहाघाट,पाटी, बाराकोट) आते है, जिनका विकासखण्ड लोहाघाट मुख्य केन्द्र है, क्षेत्रफल की दृष्टि से बडी विधानसभा होने के बाद भी यहॉ पर रजिस्ट्रार आफिस नहीं है, जिससे लोगों को किसी भी रजिस्ट्री के कार्य हेतु चम्पावत जाना पडता है? क्या सरकार लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए लोहाघाट में एक रजिस्ट्रार आफिस की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>28.12.2018 | 10. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि लोहाघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ट्रामा सेन्टर को शुरू नही किया है? क्या सरकार जनता की मांग को देखते हुए जल्द से जल्द इस ट्रामा सेन्टर को शुरू करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>28.12.2018 | 11. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोहाघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तीनो विकासखण्डों का मुख्य केन्द्र है, जहॉ पर प्रतिदिन 700–800 ओ0पी0डी0 होती है परन्तु डॉक्टरों का अभाव तथा पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न होने के कारण आये दिन मरीजों को केवल बाहर हायर सेन्टर रेफर किया जाता है? क्या सरकार तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट में डॉक्टरों की नियुक्ति तथा उचित संसाधनों को पूरा करेगी? जिससे लोगों को उचित सुविधा उपलब्ध हो सके? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>01.01.2019 | 12. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विभाग में कोई नया विद्युत खण्ड/विद्युत उपखण्ड खोलने का प्रस्ताव है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री दलीप सिहं रावत<br>01.01.2019 | 13 क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगें कि लैसडौन विधान सभा के अन्तर्गत क्या कोई गांव भू–स्खलन से प्रभावित हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांव का विस्थापन शीघ्र करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री दलीप सिहं रावत<br>01.01.2019 | 14. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत फतेहपुर लैसंडौन मार्ग का चौड़ीकरण करवाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिहं रावत<br>01.01.2019 | 15. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगें कि लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' में कुल कितने सड़क मार्ग स्वीकृत है? ''प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना'' के अन्तर्गत भविष्य में और कितने सड़क मार्ग स्वीकृत हेतु प्रस्तावित है? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>01.01.2019 | 16. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र चम्पावत के अर्न्तगत चम्पावत जिला चिकित्सालय को उच्चीकृत कर बेस चिकित्सालय बनाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>01.01.2019 | 17. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत चम्पावत उपतहसील की स्वीकृति कब की गयी थी? उसके लिए कितने पद स्वीकृत किये गये थे एंव उसके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशी स्वीकृत थी? स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पदों पर नियुक्ति की गयी है? आज समय तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है, तथा कितना कार्य होना शेष बचा है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>01.01.2019 | 18. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के मलुवाताल में मोटर रोड़ की मांग को लेकर ग्रामीण लामबन्द है? यह मोटर मार्ग कब तक बनेगा? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>01.01.2019 | 19. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र ओखलकाण्डा ब्लाक के लूगड पुल से पातीजाला (गाजा चमोली) मोटर मार्ग में आज तक डामरीकरण नहीं हुआ है जबकि उक्त मोटर मार्ग को बने हए कई वर्ष हो चुके है? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का डामरीकरण | लोक निर्माण |

करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>01.01.2019 | 20. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के ओखलकाण्डा, धारी ब्लांक में बिजली के बिल बिना रीडिंग लिये, दिये जाने से हर परिवार में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बिजली के बिल अधिक आने पर संबंधित विभाग एवं कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही होगी? यदि हां तो, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.01.2019 | 21. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर वर्ष 2011 से तामाढौंन–गोलना–खल्डुवा पर मोटर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में इस पुल का निर्माण शीघ्र करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.01.2019 | 22. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर पत्थरखोला–महरगॉव मोटर मार्ग के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी? यदि हां, तो क्या लोक निर्माण मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निैर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है? और क्या सरकार जनहित में इस मोटर मार्ग का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.01.2019 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर केदार पुल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या लोक निर्माण मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इस पुल निर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है और क्या जनहित में सरकार इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.01.2019 | 24. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर कैहड़गांव पर मोटर पुल के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या लोक निर्माण मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इस पुल का निर्माण हेतु आतिथि तक क्या प्रगति हुई है और क्या सरकार जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.01.2019 | 25. स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अन्तर्गत ग्राम मक्खनपुर में क्या राज्य सरकार सरकारी अस्पताल में डायलिसिस सेंटर खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.01.2019 | 26. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 18.09.2018 को सदन में समिति के गठन की घोषणा के अनुरूप, समिति की रिपोर्ट क्या शासन को प्राप्त हो गई हैं? यदि हॉ, तो जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के तहसील भवन के निर्माण हेतु धनराशि अवमुक्त कर दी गई हैं? यदि हॉ, तो कब और कितनी? यदि नही, तो निर्माण धनराशि अवमुक्त न कर क्षेत्र की उपेक्षा क्यों की जा रही हैं? | राजस्व |
| श्री चन्दन राम दास<br>02.01.2019 | 27 क्या सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमट्रान फैक्ट्री में कार्यरत 5 कर्मचारियों को वी0आर0एस0 दिये जाने एवं उनके भुगतान की कार्यवाही पर विचार हो रहा है? कर्मचारियों के 25 वर्षों से लगातार वी0आर0एस0 के निवेदन व समायोजन के माले को लम्बे समय तक लटकाने का क्या कारण रहा है,? खाद्य विभाग में समायोजित कर्मचारियों को एल0पी0 एवं अन्य प्रकार के भुगतान की कार्यवाही पर सरकार क्या विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सूचना प्रोद्योगिकी |
| श्री चन्दन राम दास<br>02.01.2019 | 28. क्या महिला कल्याण मंत्री अवगत है कि बागेश्वर में संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय 25 वर्षो से कक्षा–1 से 5 तक ही संचालित हो रहें है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को जू0 हा0 में उच्चीकृत करने हेतु विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | महिला कल्याण |
| श्री सुरेश राठौर<br>03.01.2019 | 29 क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में कब से व कितने ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है तथा कब तक पूर्ण कर ली जाएगी व एवं अभी तक कितने ग्रामों में पूर्ण हो चुकी है? | राजस्व |
| श्री सुरेश राठौर<br>03.01.2019 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि लोक निर्माण विभाग द्वारा विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर में वर्ष 2017, वर्ष 2018 में किये गये कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है? यदि हां, तो क्या तद्संबंधी विवरण सदन में प्रस्तुत करेंगें? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.01.2019 | 31. क्या सैनिक कल्याण मंत्री अवगत है कि राज्य में वीरता चक्र, परमवीर चक्र विक्टोरिया क्रास उच्च सैनिक सम्मान प्राप्त करने वाले सैनिक एवं उनके आश्रितों को सरकार द्वारा पुरस्कृत करने की योजना है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे की राज्य में विक्टोरिया क्रास विजेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की संख्या कितनी है? क्या यह भी सत्य है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर सरकार द्वारा विभिन्न संस्थाओं, सड़कों, अस्पतालो का नामकरण करने व उनके पैत्रिक गांवों में उनकी कृतियों का संग्रहालय बनाने की योजना है? यदि हां, तो क्या सरकार विधानसभा क्षेत्र टिहरी के अंतर्गत विक्टोरिया क्रास विजेता गब्बर सिंह नेगी के ग्राम मंज्यूड चंबा में संग्रहालय बनाने की योजना का विचार कर रही है तथा उसकी प्रगति का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.01.2019 | 32. क्या खनन मंत्री अवगत है कि प्रदेश में खनन कार्यो के लिए नीति निर्धारित की गई है यदि हॉ तो वर्तमान समय तक खनन की ई–नीलामी से कितनी धनराशि एकत्रित हुई है? क्या यह भी सत्य है कि जिला स्तर पर पर जिला खनिज फाउंडेशन न्यास का गठन कर लिया गया है यदि हॉ, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त न्यास द्वारा जनपद टिहरी के खनिज पट्टे एवं क्रेशरों के लिए कितने लोगों का पंजीयन किया है? यदि नहीं, तो क्यों? | खनन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.01.2019 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि लोक निर्माण विभाग का प्रशासनिक ढ़ांचा स्वीकृत है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में स्वीकृत ढ़ांचे के कितने–कितने पदों का मुख्यालय से जनपद स्तर तक सृजन किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि विभाग के पास वर्तमान ढांचे में मुख्य अभियन्ता के एक से अधिक पदों का सृजन किया गया है? यदि हॉ, तो मुख्य अभियन्ता के अत्यधिक पद सृजन का औचित्य क्या है? क्या सरकार प्रदेश के नान प्लान के खर्चे में कटौती के तहत इन मुख्य अभियंताओं के पदों को समाप्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री करन माहरा<br>08.01.2019 | 34. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने ग्राम विकास अधिकारियों के पद सृजित है तथा उसके सापेक्ष प्रदेश में कितने ग्राम्य विकास अधिकारी पदों पर कार्यरत है? वर्तमान में जनपद उधमसिंह नगर, जनपद देहरादून, जनपद अल्मोड़ा व जनपद बागेश्वर में कितने ग्राम विकास अधिकारी कार्यरत है व कितने पद रिक्त है? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु उचित कार्यवाही कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.01.2019 | 35. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अपर सचिव उत्तराखण्ड राजस्व अनुभाग (1) के शासनादेश दिनांक 24 अगस्त 2017 राजस्व पुलिस संवर्ग में राजस्व निरीक्षक/उपनिरीक्षक के सहायतार्थ आउटसोर्सिंग के माध्यम से होमगार्ड एवं पी0आर0डी0 स्वंय सेवकों को लिए जाने के सन्दर्भ में प्रतिबन्धों के तहत जिलेवार नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? क्या जनपदवार इन पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर दी गयी है? यदि हॉ, तो उसका ब्यौरा क्या है? क्या राजस्व मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में जनपदवार कुल कितने पद भरे गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.01.2019 | 36. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में लोक निर्माण विभाग में कुल कितने मुख्य अभियन्ता कार्यरत है? क्या मंत्री जी छोटे राज्य की वित्तीय स्थिति के मध्यनजर इन मुख्य अभियन्ताओं के पदों में कटौती करने पर विचार करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.01.2019 | 37. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार के पास आशा कार्यकत्रियों के लिए मानदेय निर्धारित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि नहीं, तो सरकार स्वास्थ्य सेवा के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत इन आशा कार्यकत्रियों को मानदेय देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.01.2019 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा बद्रीनाथ के अन्तर्गत जनपद चमोली के लो0नि0वि0 डिवीजन पोखरी में सड़क निर्माण के दौरान कुल कितनी सड़कों के मुआवजे के प्रकरणों में कुल कितनी धनराशि विभाग द्वारा कास्तकारों को देना शेष है? सरकार कास्तकारों को मुआवजा राशि कब तक वितरण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.01.2019 | 39. क्या सूक्ष्म एवं लघु उद्यम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में रिंगाल हस्तशिल्प के संर्वधन हेतु प्रशिक्षण केन्द्र वर्तमान में किन–किन स्थानों पर चल रहे हैं? क्या सरकार रिंगाल हस्तशिल्पयों को प्रोत्साहन देने की कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सूक्ष्म एवं लघु उद्यम |
| श्री गणेश जोशी<br>08.01.2019 | 40. क्या कारागार मंत्री बताने का कशट करेंगे कि उत्तराखण्ड की समस्त जेलों में बंद कैदियों की संख्या कितनी है एवं उनके सापेक्ष समस्त जेलों में कैदियों को रखने की वास्तविक क्षमता क्या है?क्या सरकार जेलों की सुरक्षा के दृष्टिगत आगमन स्थान पर एक्स–रे मशीनें लगाये जाने एवं अन्य सुविधाओं के विस्तारीकरण पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | कारागार |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>08.01.2019 | 41. क्या सैनिक कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य के अर्द्धसैनिक बलों में तैनात जवानों को राज्य सरकार द्वारा उन्हें प्राप्त होने वाले पुरस्कार के एवंज में कोई धनराशि नहीं दी जाती है? यदि हां, तो क्या मुख्यमंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत जवानों को सैन्य जवानों की भॉति पुरस्कार दिये जाने वाली धनराशि के समान धनराशि दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.01.2019 | 42. क्या उर्जा मंत्री अवगत है कि विद्युत उत्पादन में लगी कम्पनियां रायल्टी के रूप मे सरकार को राजस्व देती है? यदि हां तो उस रायल्टी की धनराशि को उस जल ग्रहण क्षेत्र पर खर्च करने का प्राविधान सरकार द्वारा किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि जिला खनिज न्यास प्राधिकरण की भाति बांध निर्माण में लगी कम्पनियों से सरकार रायल्टी की धनराशि को लेकर उस क्षेत्र के जनहित से जुड़ी विकास योजनाओं पर खर्च करने का प्राविधान करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यो? | उर्जा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.01.2019 | 43. क्या कारागार मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की जेलों में वर्ष 2001 से अब तक कितने निरूद्ध विचाराधीन सजायाफ्ता कैदी सजा काट रहे हैं, कैदियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके लिए योग का प्रशिक्षण दिये जाने की कोई व्यवस्था है? अथवा नही? | कारागार |
| श्री करन माहरा<br>09.01.2019 | मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।<br>44. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पुलिस कर्मियों से अन्य विभागों के कार्मिकों की भांति 8 घंटो की ड्यूटी कराने पर सरकार कोई विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>09.01.2019 | 45. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि भेड़ पालकों को पशुशाला हेतु 180 वर्ग गज भूमि आवंटन करने का शासनादेश संख्या–2785/ग्टप्प;11द्ध 2014.18 ;120द्ध 2010 दिनांक 15 अक्टूबर के तहत दिया गया था? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में कुल कितने पशुपालकों को भूमि आवंटित की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>09.01.2019 | द्वितीय बुधवार के अतारांकित–22 में स्थानान्तरित।<br>46. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के ग्राम पंचायत देवग्राम में रा0आर्युवैदिक चिकित्सालय खोलने का प्रस्ताव जिला आर्युवैदिक एवं यूनानी अधिकारी चमोली द्वारा शासन को भेजा गया है? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में क्या निर्णय लिया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |

श्री महेन्द्र भट्‌ट
09.01.2019

47. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधान सभा में निर्मित ''प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना'' के अन्तर्गत कुल कितनी सड़कों को लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

श्री महेन्द्र भट्‌ट
09.01.2019

48. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार जनपद चमोली के विकास खण्ड दशोली के चार गांवों एवं नौ तोकों के मध्य ग्राम पंचायत ग्वाड़–दशोली में स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री महेन्द्र भट्‌ट
09.01.2019

49. क्या औद्योगिक विकास मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के निगोल नदी पर विगत कई वर्षों से हो रहे खनन के कारण सलना, हापला, तथा त्रिशूला क्षेत्र में वृहद्ध मात्रा में भूस्खलन हो रहा है? यदि हां, तो आपदा प्रबन्धन मंत्रालय उक्त खनन एवं स्टोन क्रेशर को बंद कराने हेतु सम्बन्धित विभाग को निर्देशित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

औद्योगिक विकास

श्री खजान दास
09.01.2019

50. क्या गृह मंत्री अवगत है कि शासनादेश संख्या–572ध्ग्ग;4द्ध. 01/उ0आ0/2009 दिनांक 12/08/2009 तथा पत्र संख्या–636ध्ग्ग;4द्ध. 01/उ0आ0/2006/09दिनांक 13/08/2010 के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों को उनके जीवनकाल के लिए दी जाने वाली पेंशन प्राप्त राज्य आन्दोलनकारियों की मृत्यु के पश्चात उनको दी जाने वाली पेंशन उनके पति/पत्नी अथवा माता–पिता को प्रदान की जाती है जबकि शासनादेश संख्या–533 दिनांक 01.06.2016 से अच्छादित आन्दोलनकारियों को रूपये 3100/–प्रतिमाह की दर से उनके जीवन काल के लिए अनुमन्य की गयी पेंशन उनकी मृत्यु के उपरान्त आश्रितों को पेंशन दिये जाने का प्राविधान/शासनादेश अब तक भी जारी नहीं हो पाया है जिसकी मांग चिन्हित राज्य आन्दोलनकारी लम्बे समय से करते चले आ रहे हैं? क्या सरकार शासनादेश संख्या–533 दिनांक 01.06.2016 के द्वारा पेंशन प्राप्त चिन्हित राज्य आन्दोलनकारियों की मृत्यु के उपरान्त शासनादेश संख्या–2964ध्ग्ग;4द्ध.03(26)/2006 दिनांक 13 दिसम्बर 2011 के अनुरूप उनके आश्रितों को पेंशन सुविधा का लाभ दिये जाने हेतु विचार कर रही है? अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री खजान दास
09.01.2019

**तृतीय सोमवार के अतारांकित–36 में स्थानान्तरित।**

51. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि देहरादून में रिस्पना एंव बिन्दाल नदियों में बरसात के कारण जानमाल का खतरा बना रहता है तथा हर वर्ष उक्त नदिया कई मकान एंव पशुओं सहित कभी–2 इसांनो को भी बहा ले जाती है? क्या मा0 मंत्री जी यह भी अवगत है कि उक्त नदियों का जल स्तर गाद एवं मलबे के कारण उपर न बढ़े इस हेतु इन नदियों में चुगान की अनुमति प्रदान किये जाने की मॉग जनमानस द्वारा की जा रही है? क्या

राजस्व

सरकार जन भावनाओं के अनुरूप उक्त नदियों में चुगान की अनुमति प्रदान करेंगें? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>09.01.2019 | 52. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड़ निर्माण के बाद प्रदेश में पलायन में वृद्धि हुई है तथा हजारों गांव गैरआबादी हो गये हैं? क्या सरकार पलायन को रोकने हेतु कोई ठोस नीति बना रही है अथवा नहीं? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | ग्राम्य विकास |
| श्री गणेश जोशी<br>09.01.2019 | 53. क्या ग्रामीण निर्माण विभाग मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत पी0पी0सी0एल सरखेत से बौढ़ा गांव तक 05 कि0मी0 सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है जिसमें पूर्व में एक बार धनावंटन हो चुका है? यदि हॉ, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु अवशेष धनावंटन करने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्रामीण निर्माण |
| श्री गणेश जोशी<br>09.01.2019 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि पहाडों की रानी मसूरी पर्यटन की आर्थिकी की रीढ़ है और वर्ष भर मसूरी में पर्यटकों का अवागमन रहता है? यदि हॉ तो क्या सरकार मसूरी की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु क्यारकुली से भितरली/किमाड़ी मोटर मार्ग को बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>10.01.2019 | 55. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत है कि प्रदेश स्तर पर बिजली के सड़े गले पोलों को बदलने व झूल रही तारों को ठीक करने की विभाग की कोई योजना है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अंतर्गत विकासखंड चंबा व जाखणीधार के सड़े गले पोलों व झूल रही बिजली की तारों को विभाग द्वारा ठीक करवाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>10.01.2019 | **प्रथम मंगलवार के अतारांकित– 40 में स्थानान्तरित।**<br>56. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत है कि प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ नियंत्रण मद में नदियों से क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों व खेती के बचाव का कार्य किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक उक्त मद से कितनी धनराशि प्रदेश स्तर पर आवंटित की गई है? क्या यह सत्य है कि नदियों से क्षतिग्रस्त तटबंधों का प्राकलन गठित करवाया जाता है? यदि हॉ, तो विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत हेवल नदी चंबा व चंद्रभागा नदी जाखनीधार के क्षतिग्रस्त सिंचाई गूलों व जमीन को बचाने | बाढ़ नियंत्रण |

का क्या सरकार प्रयास करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हॉ तो कब तक?

| | | |
|---|---|---|
| **श्री गणेश जोशी**<br>10.01.2019 | 57. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत विलासपुर काड़ली के मसंदावला में नून नदी पर लोक निर्माण विभाग द्वारा वाहन सेतु बनाया जा रहा था, जिसका निर्माण कार्य विगत कई वर्षो से लम्बित है? यदि हॉ तो, क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सेतु को बनाये जाने पर विचार किया जायेगा? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| **श्री गणेश जोशी**<br>10.01.2019 | 58. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अप्रैल 2017 से अब तक मसूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए कितनी घोषणाऐं की गई है? क्या मुख्यमंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उनके द्वारा मसूरी वि0स0 क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं का विस्तृत विवरण क्या है? क्या सरकार मुख्यमंत्री घोषणाओं को अतिशीघ्र निष्पादित किये जाने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| **श्री गणेश जोशी**<br>10.01.2019 | 59. क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सरोना न्यायपंचायत में अटल आदर्श ग्राम सरोना में चिकित्सालय बने हुये पॉच वर्ष से अधिक बीत चुके हैं किन्तु वर्तमान समय तक चिकित्सक एवं स्टॉफ की तैनानी नहीं की गयी है? यदि हां, तो क्या मुख्यमंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त चिकित्सालय में चिकित्सक एवं स्टॉफ की तैनाती करने पर सरकार विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब और कितने? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा स्वास्थ्य** |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>10.01.2019 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सुवाखोली– अलमस– भवान–मोरियाणा– नगुण मोटर मार्ग सुवाखोली से भवान के मध्य काफी संकरा मोटर मार्ग है, इस भाग पर रोली चट्टान तथा खतरनाक मोड है, जिससे दुघर्टना का भय बना रहता है? उक्त मोटर मार्ग देहरादून से उत्तरकाशी जाने वाला कम दूरी का वैकल्पिक मार्ग हो गया है? क्या सरकार इस मोटर मार्ग के उक्त भाग का चौड़ी करण/सुधारीकरण करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2019 | 61. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिममिटेड (यू0जे0वी0एन0लि0)में उत्तराखण्ड के तीनों ऊर्जा निगमों में कार्यरत समस्त डिप्लोमा इंजीनियर्स हेतु सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति के समुचित अवसर उपलब्ध नही है, जिस प्रकार अन्य संवर्ग में है? क्या सरकार यू0जे0वी0एन0लि0 में भी कार्यरत डिप्लोमा इंजीनियर्स के प्रोन्नति का कोटा उत्तराखण्ड के अन्य विभागों के समान अवर अभियंता से सहायक अभियंता हेतु 58.33 प्रतिशत किया जायेगा? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2019 | **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।**<br>62. क्या खाद्य आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मैण्डखाल में गैस उपभोक्ताओं के द्वारा इण्डेन गैस गोदाम खोले जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? क्या यह सत्य है कि इस क्षेत्र के लगभग 3000 गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर लेने हेतु 30 से 35 कि0मी0 दूर कण्डीसौड आना जाना पडता है जिस कारण उपभोक्ताओं को भारी व्यय तथा परेशानियों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार गैस उपभोक्ताओं की उक्त समस्या का निस्तारण करने के लिए केन्द्रीय स्थल मैण्डखाल में इण्डेन गैस गोदाम स्थापित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | खाद्य आपूर्ति |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.01.2019 | 63. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में वर्तमान में कितने मोटर मार्ग स्वीकृत किये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण किया जा चुका है तथा कितनी स्वीकृत सड़कें निर्माण विहिन हैं? क्या सरकार उक्त मार्गों पर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजानदास<br>10.01.2019 | 64. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 थत्यूड़ अन्तर्गत कैम्पटी थत्यूड़ मोटर मार्ग के सम्पूर्ण अवशेष भाग की स्वीकृति वर्ष 2010–11 में शासन द्वारा प्रदान की दी गई थी किन्तु अब तक भी उक्त मोटर मार्ग कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है जिसके कारण जनमानस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार द्वारा वर्ष 2010–11 में स्वीकृत कैम्पटी थत्यूड़ मोटर मार्ग का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जायेगा अथवा नहीं ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | लोक निर्माण |
| श्री खजानदास<br>10.01.2019 | 65. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 थत्यूड़ अन्तर्गत गरखेत द्वारगढ़ मोटर मार्ग के डामरीकरण किये जाने हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्ष 2015–16 में घोषणा की गई थी तथा इस संबंध में लोक निर्माण विभाग थत्यूड द्वारा डामरीकरण हेतु प्रेषित आंगणन आज तक भी सरकार द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है जिस कारण | लोक निर्माण |

क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है? क्या सरकार घोषणा में शामिल गरखेत द्वारगढ मोटर मार्ग के डामरीकरण हेतु स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?

श्री खजानदास
10.01.2019

66. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 थत्यूड़ अन्तर्गत पन्तवाडी नागटिब्बा मोटर मार्ग के अवशेष भाग को 2 कि0मी0 की स्वीकृति वर्ष 2010–11 में प्रदान की गई थी किन्तु अब तक भी उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है जिसके कारण जनमानस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है? क्या सरकार द्वारा वर्ष 2010–11 में स्वीकृत पन्तवाडी नागटिब्बा मोटर मार्ग के अवशेष भाग 2 कि0मी0 का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जायेगा अथवा नहीं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?

लोक निर्माण

श्री प्रीतम सिंह पंवार
11.01.2019

67. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के खासकर पहाड़ी जनपदों में नौजवानों के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर भेड़–बकरी पालन को प्रोत्साहित करने की दिशा में सरकार द्वारा क्या–क्या कदम उठाये जा रहे हैं? क्या सरकार जनपदों के ऐसे विकास खण्डों में इच्छुक बेरोजगारों को ऋण/अनुदान तथा भेड़–बकरी पालन के लिए जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए विशेष कार्ययोजना बनायेगीं? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

पशुपालन

श्री धन सिंह नेगी
11.01.2019

68. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत है कि नर्सिंग कालेज सुर्सिग्धार (कांडा)टिहरी गढ़वाल में प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नर्सिग कालेज में सृजित शैक्षिक व प्रशासनिक पदों का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है, कि उक्त कालेज में सृजित पदों पर कार्मिक कार्यरत है? यदि हॉ, तो ढांचे में अपेक्षित शैक्षिक योग्यता सहित सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या उक्त कालेज में रखे गए कार्मिकों पर 27 अप्रैल 2018 के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है? यदि हॉ, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों?

चिकित्सा शिक्षा

श्री धन सिंह नेगी
11.01.2019

69. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि सड़क निर्माण के लिए लो0नि0वि0 अधिकृत है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य की सड़कों के निमार्ण के लिए विभिन्न केंद्र पोषित एवं विश्व बैंक सहायतित योजनाओं के लिए अलग अलग यूनिटों के गठन का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार ने लो0नि0वि0 से हटकर सड़कों के निर्माण के लिए अन्य ऐजेंसियां तय की है? यदि हॉ, तो उनका विवरण क्या है? लो0नि0वि0 के वर्तमान ढांचे में स्वीकृत खंडो की कार्य क्षमता मानक के अनुसार कितनी है? उनसे कितना कार्य लिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.01.2019 | 70. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत विकासखण्ड थौलधार में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कण्डीसौड़ में एक्सरे व अल्ट्रासाउण्ड सुविधा उपलब्ध न होने के कारण मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है? थौलधार विकास खण्ड की भारी जनसंख्या तथा राष्ट्रीय राजमार्ग (यात्रामार्ग) का एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कण्डीसौड़ में एक्सरे व अल्ट्रासाउण्ड सुविधा चिकित्सक/रेडियोलॉजिस्ट/उपकरण सहित कब तक यह सेवा पूरी करा ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.01.2019 | 71. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राशन कार्ड धारकों का सर्वे कब किया गया था? क्या सर्वे के आधार पर बी0पी0एल0 सूची बनाई गयी थी तथा अधिकतर पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित रह गये थे? यदि हां, तो क्या वर्तमान में सरकार की बी0पी0एल0 सर्वे की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>11.01.2019 | 72. क्या खाद्य आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद चमोली में विकासखण्डवार कुल कितनी राशन चावल, गेहूॅ, चीनी, मिट्टी तेल की आपूर्ति विगत वर्ष में की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि ए0पी0एल0कार्ड धारकों के लिए चीनी की आपूर्ति बन्द किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार ए0पी0एल0 कार्ड धारकों को मिट्टी तेल, चीनी एवं गेहूॅ, चावल की आपूर्ति प्रति यूनिट निर्धारित करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य आपूर्ति |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>11.01.2019 | 73. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के राजकीय पॉलिटेक्निक पोखरी को किस स्थान पर भवन का निर्माण कार्य गतिमान है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शासन द्वारा अवमुक्त धनराशि रू0 423.12 लाख जो कि जिलाधिकारी पौड़ी के पी0एल0ए0 में रखी हुई थी, अवमुक्त कर दी गयी है? यदि हां, तो भवन कब तक तैयार हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>11.01.2019 | 74. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के वि0ख0 जोशीमठ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उर्गम के तल्ला बडगिण्डा के कुल कितने परिवारों का विस्थापन हेतु चिन्हीकरण किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सभी चिन्हित परिवारों का विस्थापन कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.1.2019 | 75. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में विभिन्न मोटर मार्गो के निर्माण कार्य से अधिकांश कास्तकारों की भूमि/भवनों/गौशालाओं/फलदार तथा घास के वृक्षों का प्रतिकर का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया गया है? विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में ऐसे कुल कितने प्रकरण प्रतिकर भुगतान हेतु लम्बित हैं? ऐसे प्रभावित काश्तकारों के लम्बित प्रतिकर भुगतान के प्रकरणों का कब तक निस्तारण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.1.2019 | 76. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पुलिस कर्मियों को वर्दी भत्ता अत्यधिक कम दिया जाता है? क्या यह सत्य है कि कम वर्दी भत्ता दिए जाने से कार्मिको द्वारा अपने जेब से अतिरिक्त धन व्यय करते हुए अपने लिए वर्दी का कपड़ा क्रय कर वर्दी सिलाई जाती है? क्या सरकार ऐसे पुलिस कर्मियों का वर्दी भत्ता बढ़ाकर उनके वेतन के साथ भुगतान करने की व्यवस्था बनायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.1.2019 | 77. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनबाग में पिछले कई माहों से स्टॉफ न होने के कारण गर्भवती माताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्या यह सत्य है कि क्षेत्रीय जनता तथा व्यापार मण्डल नैनबाग के द्वारा उक्त समस्या के निस्तारण हेतु कई बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी टिहरी गढवाल से अनुरोध किया गया है ? क्या सरकार व्यापक जनहित में उक्त केन्द्र में चिकित्सा अधिकारी महिला तथा स्टाफ नर्स की तैनाती सुनिश्चित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.1.2019 | 78. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि सरकार समय–समय पर स्टेट हाईवे घोषित करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा स्टेट हाईवे घोषित करने के क्या–क्या मानक निर्धारित है? क्या यह सत्य है कि सरकार समय–समय पर सघन जनसंख्या बाहुल्य क्षेत्रों पौराणिक सिद्वपीठों जो पर्यटन की दृष्टि से महत्पूर्ण है एंव दो–दो राष्ट्रीय राजमार्गो के बीच के ऐसे क्षेत्रों की सड़कों को जिनको उच्चीकृत किया जाना पर्यटन एवं नागरिक सुविधाओं की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है, को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करती हैं? यदि हां, तो क्या सरकार टिहरी विधान सभा क्षेत्र की पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दो–दो राष्ट्रीय राजमार्गो के बीच जाखणीधार कोटि गरकोट, कापरीयानीसैन मरोड़ा छेटी मोटर मार्ग लिंक (44 कि0मी0), चंबा देवरी कुडियल गांव जड़धार गांव प्लस नागणी मोटर मार्ग लिंक 31 कि0 मी0 बादशाही थोल रानीचौरी जगेठी खण्डकरी नकोट पंगारखाल मोटर मार्ग 60 कि0 मी0 सघन जनसंख्या वाली सड़कों को स्टेट हाईवे का दर्जा देगी? यदि नहीं ,तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>14.01.219 | 79. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद टिहरी गढवाल के अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 थत्यूड के अन्तर्गत कैम्पटी, चढोगी हल्का वाहन मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तित किये जाने संबधी स्वीकृति हेतु मंत्री जी द्वारा घोषणा की गई थी, किन्तु अब तक भी उक्त मोटर मार्ग को न तो मोटर मार्ग में परिवर्तित किया गया है और न ही मार्ग को सुलभ यातायात हेतु खोला गया है? क्या सरकार मंत्री जी की घोषणा में शामिल उक्त हल्का वाहन मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | लोक निर्माण |
| श्री विनोद कण्डारी<br>14.01.2019 | 80. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत विभाग द्वारा कुल कितना मुआवजा दिया गया है तथा कुल कितना मुआवजा देना शेष रहा है? क्या सरकार जनहित में शेष रहे लोगों को शीघ्र मुआवजा देने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विनोद कण्डारी<br>14.01.2019 | 81. क्या प्रावधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय पॉलिटैक्निक जोगणी सैंण (ग्राम सभा न्यूली) में संचालित है? क्या मंत्री यह भी अवगत है कि भवन न होने के कारण राजकीय पॉलिटैक्निक जोगणीसैंण में अध्ययनरत छात्र–छात्रायें राजकीय पॉलिटैक्निक श्रीनगर में अध्ययनरत है? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र राजकीय पॉलिटैक्निक जोगणीसैंण का भवन निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रावधिक शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी<br>14.01.2019 | 82. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत है कि मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत मसूरी शहर में वर्तमान तक कोई पॉलिटैनिक का निर्माण हो पाया है? यदि हां तो क्या सरकार मसूरी में पालिटैक्निक निर्माण करने पर विचार करेगीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी<br>14.01.2019 | 83. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सुवाखोली में विद्युत सब–स्टेशन बनाये जाने से सरोना न्यायपंचायत एवं टिहरी गढ़वाल जनपद के कई क्षेत्रों को लाभ मिलेगा? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि सरकार सुवाखोली में विद्युत सब–स्टेशन बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>14.01.2019 | 84. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में प्रदेश में कुल कितने पद रिक्त चल रहे हैं? क्या सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार कर रही है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>14.01.2019 | 85. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि लोक निर्माण विभाग में सड़को के रख रखाव जैसे नाली, स्कबर की सफाई के लिए विभाग द्वारा गैंगों की नियुक्ति बंद कर दी गयी हैं? यदि हां तो इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार पुनः गैगों की भर्ती करने का विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>14.01.2019 | 86. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मार्ग सेमी, मासौ का कार्य पूर्ण कर दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस मार्ग के निर्माण में आने वाले काश्तकारों की कृर्षि भूमि का मुआवजा भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>14.01.2019 | 87. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोशीमठ में अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्सरे मशीन है? यदि हां, तो इनका संचालन किन कारणों से नहीं हो पाया है? क्या सरकार इसके संचालन के लिए टैक्निशियन भेजने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>14.01.2019 | 88. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद चमोली के बद्रीनाथ विधान सभा की कुल कितनी सड़कों के निर्माण के पश्चात भी उन्हें आर0टी0ओ0द्वारा पास नहीं किया गया है? क्या सरकार इन सड़कों को आर0टी0ओ0 द्वारा पास न किये जाने का कारण बतायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मनोज रावत<br>14.01.2019 | 89. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य के पशुपालकों को प्रेरित करने और भेड़ो की नस्लों के सुधार हेतु राज्य में कितने भेड़ फार्म कार्यरत हैं? रूद्रप्रयाग जिले के भेड़ फार्मों में वर्तमान में अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने तैनात हैं? रूद्रप्रयाग जिले के भेड़ फार्मो में वर्तमान में कितनी भेड़ें है? | पशुपालन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.01.2019 | 90. क्या आपदा प्रबंधन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड में प्रति वर्ष भीषण दैवीय आपदा आती है? क्या सरकार द्वारा दैवीय आपदाओं की रोकथाम एवं प्रभावितों की सुरक्षा हेतु कोई ठोस कार्ययोजना बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>15.01.2019 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित–37 में स्थानान्तरित।**<br>91. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी अन्तर्गत ग्राम अठाली के क्यूलागाड में अवस्थित पैदल पुल वर्ष 2013 की अतिवृष्टि व बाढ़ से पूर्ण क्षतिग्रस्त हुआ है? क्या यह सत्य है कि ग्राम अठाली से इस पैदल पुल से होकर पैदल रास्ता रताड़ी–अस्तल–भकड़ा पट्टी धनारी (डुण्डा) को जाता है? पुल के क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय कास्तकारों को वर्षाकाल में भारी समस्याओं का सामना | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| | करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पैदल पुल का पुर्ननिर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री विनोद कण्डारी<br>15.01.2019 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित–08 में स्थानान्तरित।**<br>92. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय आई0टी0आई0 रौडधार का निर्माण कार्य लम्बे समय से चल रहा है? लेकिन वर्तमान समय तक निर्माण कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण है? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र राजकीय आई0टी0आई0 रौड़धार का भवन निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | प्राविधिक शिक्षा |
| श्री विनोद कण्डारी<br>15.01.2019 | 93. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अर्न्तगत जामणीखाल ग्राम सभा नागचौड़ में सैनिक कल्याण विश्राम गृह का निर्माण कार्य काफी लम्बे समय से चल रहा है, लेकिन अभी वर्ममान समय तक इसके निर्माण कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण है? क्या सरकार जनहित में सैनिक कल्याण विश्राम गृह का निर्माण कार्य शीघ्र करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.01.2019 | 94. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में कुल कितने पशु चिकित्सालय है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि उक्त चिकित्सालयों के सापेक्ष चिकित्सकों की नियुक्ति की गयी है? यदि नहीं तो क्या सरकार रिक्त पदों पर पशु चिकित्सकों की नियुक्ति शीघ्र करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पशुपालन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.01.2019 | 95. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में फार्मासिस्टों के कुल कितने पद स्वीकृत है, और उसके सापेक्ष वर्तमान में कुल कितने पदों पर फार्मासिस्ट कार्यरत है तथा रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति किये जाने की सम्भावना है? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत है कि फार्मासिस्टों के रिक्त पदों के कारण चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है, जिससे जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए, रिक्त पदों पर शीघ्र फार्मासिस्टों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.1.2019 | 96. क्या पशुपालन मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के पीपलकोटी (बण्ड क्षेत्र) में पशु चिकित्सालय खोले जाने की मांग जनता द्वारा की जा रही है? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | पशुपालन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.1.2019 | 97. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के उडामाडा–रौता मोटर मार्ग पर कार्य में विलम्ब हेतु जिस ठेकेदार को दोषी पाया गया था, उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी? क्या सरकार उक्त ठेकेदार को पी0एम0जे0एस0वाई हेतु ब्लैक लिस्ट में डालने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.01.2019 | 98. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद चमोली के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पीपलकोटी के उच्चीकरण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.1.2019 | 99. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के ग्राम पंचायत उत्तरों में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अलकनन्दा पर मोटर पुल निर्माण की घोषणा की गयी है? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>15.1.2019 | 100. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य मे जनपदवार सरकारी अथवा गैर सरकारी अस्पताओं मे क्रमशः कितने–कितने पलंग है? जनपदवार आबादी एवं अस्पताल के पलंग –बिस्तर का अनुपात क्या है? | स्वास्थ्य |